तेरा शुक्रिया है | by Tinka Soni

मुझे कौन जानता था तेरी रेहमतो से पहले
मैं कुछ भी तो नहीं था तेरी बंदगी से पहले
बड़ा सुकून है बड़ा करार है अब तो
ना चैन था ना सुकून था तेरी बंदगी से पहले
मुझे श्याम तूने जितना दिया है
तेरा शुक्रिया है, तेरा शुक्रिया है .....

मुझे श्याम तूने जितना दिया है
तेरा शुक्रिया है, तेरा शुक्रिया है
वर भी दिया मुझे घर भी दिया है
तेरा शुक्रिया है, तेरा शुक्रिया है
मुझे श्याम तूने..........

तमन्ना नहीं थी मुझे दौलतों की
तमन्ना नहीं थी मुझे शोहरतों की
फिर भी प्रभु तूने वो सुख दिया है
तेरा शुक्रिया है, तेरा शुक्रिया है
मुझे श्याम तूने..........

ज़माने ने मुझको था दिल से निकाला
कृपा है तुम्हारी जो मुझको संभाला
मेरी डूबी नैया को किनारा दिया है
तेरा शुक्रिया है, तेरा शुक्रिया है
मुझे श्याम तूने..........

परिवार मेरा है तेरे हवाले
तुम्ही मेरी बगिया के हो रखवाले
तू ही मेरी बाती तू ही मेरा दिया है
तेरा शुक्रिया है, तेरा शुक्रिया है
मुझे श्याम तूने..........

मुझे श्याम अपने साथ में रखना
उड़ ना हवा में औकात में रखना
टींके को अपने साथ में रखना
उड़ ना हवा में औकात में रखना
असर भी दिया मुझे सबर भी दिया है
तेरा शुक्रिया है, तेरा शुक्रिया है
मुझे श्याम तूने..........

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%b6%e0%a5%81%e0%a4%95%e0%a5%8d%e0%a4%b0%e0%a4%bf%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%b9%e0%a5%88-by-tinka-soni/